**कार्यालय नगर निगम देहरादून**
**(ई–निविदा)**

नगर निगम, देहरादून द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु नगर की सफाई व्यवस्था हेतु स्वच्छता सम्बन्धी कार्यो में स्वास्थ्य स्टोर के प्रयोग में आने वाली सफाई उपकरण एवं हाउस कीपिंग सामग्री की आपूर्ति हेतु ई–निविदा आमांत्रित की जाती है। ई–निविदा बेवसाईट उत्तराखण्ड की ई–निविदा साईट **www.uktenders.gov.in** मे दिनांक 09.06.2023 को अपराह्न 02.00 बजे से 19.06.2023 को अपराह्न 02:00 बजे तक जमा की जा सकती है। जो कमेटी के समक्ष दिनांक 19.06.2023 को अपराह्न 03.00 बजे खोली जायेगी।

नगर आयुक्त
नगर निगम देहरादून

# कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

(का0– 0135–2714074:फैक्स– 0135–2651060: ई–मेल– (nagarnigam.ddn@gmail.com)

पत्रांकः 579(H)  दिनांकः 08/06/2023

**प्रतिलिपिः–**

1. सम्पादक, द पाईनियर, समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने समाचार पत्र के देहरादून संस्करण में आगामी अंक में कम से कम स्थान में प्रकाशित करते हुए निर्धारित छूट के साथ समाचार पत्र की दो प्रति निःशुल्क बिल के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करे।
2. सम्पादक, हिन्दुस्तान हिन्दी, समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने समाचार पत्र के देहरादून संस्करण में आगामी अंक में कम से कम स्थान में प्रकाशित करते हुए निर्धारित छूट के साथ समाचार पत्र की दो प्रति निःशुल्क बिल के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करे।
3. श्री मनीष पन्त आई0 टी0 आफिसर को इस निर्देश के साथ कि उक्त टेण्डर सूचना ई–निविदा बैबसाइट एवं नगर निगम, देहरादून की बैबसाइट में डालना सुनिश्चित करें।
4. नगर निगम, देहरादून नोटिस बोर्ड पर चश्पा हेतु।

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम देहरादून।

Scanned with AnyScanner

नगर
नि
देहरादून

वर्ष–2023-24

# अल्पकालीन ई–निविदा दस्तावेज

**कार्य का नाम– नगर निगम, देहरादून में वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु स्वास्थ्य स्टोर के प्रयोग में आने वाली सफाई उपकरण एवं हाउस कीपिंग सामग्री आपूर्ति करने हेतु ई–निविदा।**

# नगर निगम देहरादून।

ई–मेलआई०डी०–nagarnigam.ddn@gmail.com
वेबसाइट–www.nagarnigamdehradun.com

Scanned with AnyScanner

# ई–निविदा दस्तावेज

**1. ई–निविदा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथि एवं समय :–**

- ई–निविदा प्रकाशित करने की तिथि – दिनांक 09.06.2023
- ई–निविदा अपलोड करने की तिथि – दिनांक 09.06.2023
- ई–निविदा डाउनलोड करने की तिथि – दिनांक 09.06.23 से 19.06.2023
- ई–निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय – दिनांक 19.06.23, समय 14:00 बजे तक।
- ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 19.06.23, समय 15:00 बजे।

**2. कार्य का नाम :–**

नगर निगम, देहरादून में वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु स्वच्छता सम्बन्धी कार्यों में स्वास्थ्य स्टोर के प्रयोग में आने वाली सफाई उपकरण एवं हाउस कीपिंग सामग्री की आपूर्ति हेतु ई–निविदा।

**3. निविदा हेतु पात्रता/ अर्हता :–**

- निविदादाता को अपना नाम व पता या व्यापार करने का स्थान, टेलिफोन नंबर/मोबाईल नंबर, ई–मेल नंबर, आधार कार्ड, पैन कार्ड की प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
- निविदादाता को अपने फर्म का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन नम्बर सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- निविदादाता फर्म का विगत तीन वित्तीय वर्षो (2019–20, 2020–21 व 2021–22) का औसत टर्न ओवर कम से कम रू0– 50,00,000/– (पचास लाख रूपये), जो चाटर्ड अकाउटेंट से प्रमाणित हो उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
- फर्म का विगत तीन वित्तीय वर्षो (2019–20, 2020–21 व 2021–22) का आयकर रिटर्न का प्रमाण पत्र उपलब्ध करना अनिवार्य होगा।
- फर्म का विगत तीन वित्तीय वर्षो (2019–20, 2020–21 व 2021–22) की बैलेंस शीट, जो चाटर्ड अकाउटेंट से प्रमाणित हो, उपलब्ध करना अनिवार्य होगा।
- निविदादाता द्वारा देशभर में किसी भी सरकारी विभाग/ नगर निकाय में ब्लैक लिस्टेड नही होने का शपथ पत्र 100/– के नॉन जूडिशियल स्टाप पेपर पर देना अनिवार्य होगा।
- निविदा शुल्क व निविदा धरोहर धनराशि (ई0एम0डी0) व नॉन ब्लैक लिस्ट सम्बन्धी पत्र मूल रुप में निविदा की अंतिम तिथि से पूर्व नगर निगम के निविदा बाक्स में जमा करना अनिवार्य होगा।
- निविदादाता फर्म द्वारा तकनीकी निविदा खोले जाने के तुरन्त बाद ही प्रत्येक सामग्री का एक–एक नमूना/ सैंपल निविदा समिति के समक्ष स्वीकृत किये जाने हेतु उपलब्ध करना अनिवार्य है, केवल उन निविदादाता की वित्तीय निविदा खोली जायेगी, जिनका नमूना/ सैंपल समिति द्वारा स्वीकृत किया जायेगा।

**4. ई–निविदा शुल्क :–**

- निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु सर्वप्रथम निविदा शुल्क रूपये 2000/– (+ जी0एस0टी0 18% अतिरिक्त) कुल रूपये **2360**/– (दो हजार तीन सौ साठ रूपये) का डिमान्ड ड्राफ्ट जो **वित्त नियंत्रक, नगर निगम, देहरादून** के नाम पर हो, के माध्यम से मूल रुप में निविदा डालने की अन्तिम तिथि से कार्यालय में पूर्व उपलब्ध कराना अनिवार्य है, निविदा शुल्क प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा। निविदा शुल्क धनराशि को किसी भी दशा में वापस नही किया जायेगा।
-

**5. धरोहर राशि :–**

- निविदा हेतु रू0 1,50,000/– (एक लाख पचास हजार रूपये) निविदा धरोहर धनराशि (EMD) के रूप में एफ0डी0आर0 जो **वित्त नियंत्रक, नगर निगम, देहरादून** के नाम से बन्धक कराना होगा।
- धरोहर राशि/निविदा शुल्क सम्बन्धी एफ0डी0आर0 की मूल रुप में सील बन्द लिफाफे में स्टोर स्वास्थ्य

Scanned with AnyScanner

अनुभाग के निविदा बाक्स में निविदा डालने की अन्तिम तिथि तक जमा करना अनिवार्य है। धरोहर राशि प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

**6. कार्यपूर्ति प्रतिभूति :–**

- सफल निविदादाता को उल्लेखित सामग्री के मूल्य की धनराशि का 05 प्रतिशत कार्यपूर्ति प्रतिभूति (Performance Security) के रूप में वाणिज्य बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 या बैंक गारन्टी, **वित्त नियंत्रक, नगर निगम देहरादून** के नाम जमा कराना अनिवार्य होगा। जो अनुबंध की समाप्ति तिथि के बाद कम से कम 06 माह तक वैध होनी आवश्यक है।
- सफल निविदादाता द्वारा कार्यपूर्ति प्रतिभूति धरोहर प्रस्तुत करने के बाद उसकी निविदा धरोहर वापस कर दी जायेगी।

**7. ई–निविदा विधि :–**

- ई–निविदा हेतु दो प्रस्ताव प्रणाली आमंत्रित की जा रही है,
- प्रस्ताव–एक (तकनीकी बिड) में निविदा से सम्बन्धित हस्ताक्षिरत दस्तावेज/शपथ पत्र/धरोहर राशि/टेण्डर फीस उपलब्ध कराये जायेंगे।
- प्रस्ताव–दो (वित्तीय बिड) में वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा जो कि ई–निविदा पोर्टल पर बी0ओ0क्यू0 के अनुसार होगा।

**8. वित्तीय प्रस्ताव (वित्तीय बिड) :–**

- ई–निविदा प्रक्रिया में उक्त कार्य हेतु बी0ओ0क्यू0 के अनुसार दरें प्रस्तुत की जायेंगी। (संलग्न–बी0ओ0क्यू0) वित्तीय निविदा में समस्त सामग्रीयों की दरें समस्त कर एवं किराया सहित अंकित करना अनिवार्य है। समस्त सामग्रीयों की दरें अंकित किया जाना अनिवार्य है।
- न्यूनतम दरों के आधार पर निविदादाता फर्म का चयन किया जायेगा।
- तकनीकी बिड में सफल निविदा प्रस्तुतकर्ताओं की ही वित्तीय बिड खोली जायेगी।

**9. भुगतान प्रक्रिया :–**

- कार्य के लिए अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा। कार्य के उपरान्त बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। निगम द्वारा आपूर्ति की गयी सामग्री का निरीक्षण करने के उपरान्त संतोषजनक पाए जाने पर ही भुगतान किया जायेगा।
- नगर निगम स्तर पर अपरिहार्य कारणों से भुगतान में विलम्ब होने पर निविदादाता द्वारा आपूर्ति नहीं रोकी जायेगी।

**10. विवाद की स्थिति होने पर :–**

- फर्म तथा नगर निगम के मध्य कोई विवाद होने पर उसका निपटारा नगर निगम स्तर पर किया जायेगा।
- किसी भी प्रकार के विवाद होने की स्थिति में न्याय क्षेत्र देहरादून होगा।

**11. निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति :–**

- किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, देहरादून के पास सुरक्षित है।

**12. आपूर्ति आदेश :–**

- समस्त सामग्री उच्च गुणवत्ता/मानक/माप वाली होनी चाहिये।
- आवश्यकतानुसार सामग्री की अनुमानित मात्रा घट बढ सकती है, आपूर्ति हेतु ऑडर आवश्यकतानुसार ही समय–समय पर दिया जायेगा। सामग्री की आपूर्ति नगर निगम कार्यालय में एफ0ओ0आर0 करानी होगी।
- यदि सफल निविदादाता फर्म द्वारा अनुबंध/आपूर्ति आदेश के बाद निर्धारित समय में आपूर्ति नहीं की

Scanned with AnyScanner

जाती है तो निविदादाता की धरोहर राशि जब्त करते हुए उसका अनुबंध को निरस्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी एवं फर्म को ब्लैलिस्ट करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**13. कार्य अवधि :–**

- स्वीकृत निविदा दर के आधार पर सम्बन्धित फर्म को आपूर्ति करने से पूर्व 100/–रूपये के स्टाम्प पेपर पर नगर निगम से अनुबन्ध करना होगा, यह स्वीकृति अनुबन्ध की तिथि से एक वर्ष के लिये वैध होगी।

**14. विलम्ब से प्राप्त निविदा :–**

- देर से प्राप्त (निर्धारित तिथि एवं समय के बाद) निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

**15. ई–निविदा का प्रकाशन :–**

- ई–निविदा विवरण उत्तराखण्ड ई–निविदा पोर्टल www.uktenders.gov.in पर प्रकाशित किया जायेगा, इसके साथ नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigamdehradun.com पर भी उपलब्ध रहेगा।
- ई–निविदा प्रक्रिया में विस्तार एवं किसी भी प्रकार के परिवर्तन होने की दशा में ई–निविदा पोर्टल पर शुद्धि पत्र प्रकाशित किया जायेगा।

**16. निविदा की अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र :–**

- स्टोर/रिकार्ड कीपर (स्वास्थ्य) नगर निगम, देहरादून।
- मोबाईल नम्बर– 7579068418

Scanned with AnyScanner

**नगर निगम देहरादून के स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा नगर निगम सीमा क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाली सफाई उपकरण एवं हाउस कीपिंग सामग्रीयों की आपूर्ति सम्बन्धित कार्यों हेतु ई–निविदा**

**प्रपत्र–(वित्तीय बिड–BOQ प्रपत्र) केवल ऑनलाईन अपलोड करें।**

| क0सं0 | सामग्री का नाम | विवरण | मात्रा | दर (रू0) जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | झाडू लम्बी सीक वाली | coconut stick and bamboo length-6.5 to 8 foot | प्रतिनग | |
| 2. | फुल झाडू | size-42<br>weight (g) 500 mini.,<br>handle type plastic/iron | प्रतिनग | |
| 3. | टॉयलेट ब्रश गोल/लम्बे | उच्च गुणवत्ता | प्रतिनग | |
| 4. | वाइपर छोटा | Handle-iron made<br>Wipe blade-plastic | प्रतिनग | |
| 5. | वाइपर बडा | Handle-iron made<br>Wipe blade-plastic | प्रतिनग | |
| 6. | पोछा | 1.20 मी0 X1.20 मी0 | प्रतिनग | |
| 7. | डस्ट बिन | 80 लीटर (सेलो, नीलकमल एवं यथा) | प्रतिनग | |
| | | 60 लीटर (सेलो, नीलकमल एवं यथा) | | |
| | | 40 लीटर (सेलो, नीलकमल एवं यथा) | | |
| 8. | डस्ट बिन ओपन टॉप विद व्हील | 120 Lt material plastic, 10X6X10cm dimension high grade plastic body | प्रतिनग | |
| 9. | डस्ट बिन टू–बिन विद स्टैण्ड | **80 लीटर** high grade plastic body<br>Dimension frame-<br>Top-500X500mm<br>Bottom-350X350<br>Height-not less than 690mm<br>Structure- not less then 250mmX250mm welded at bottom<br>Design-the bins are fabricated with M.S Sheet not less then 1mm thick and 100mmX100mm on two sides for extra strength during oscillation movement high grade plastic body | प्रतिनग | |
| | | **100 लीटर** high grade plastic body<br>Dimension frame-<br>Top-500X500mm<br>Bottom-350X350<br>Height-not less than 690mm<br>Structure- not less then 250mmX250mm | | |

Scanned with AnyScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | welded at bottom<br>Design-the bins are fabricated with M.S Sheet not less then 1mm thick and 100mmX100mm on two sides for extra strength during oscillation movement high grade plastic body | | |
| 10. | प्लास्टिक बाल्टी | 25 लीटर, ढक्कन वाली high grade plastic body | प्रतिनग | |
| 11. | बायो डिग्रेडेबल बैग | 120 लीटर (सभी रंगो की) | प्रति कि0लो0 | |
| | | 80 लीटर (सभी रंगो की) | | |
| | | 60 लीटर (सभी रंगो की) | | |
| 12. | कप प्लेट बोन चाईना 6 कप 6 प्लेट के सैट में | उच्च गुणवत्ता | प्रतिसैट | |
| 13. | ग्लास सैट बोन चाइना 6 के सैट में | उच्च गुणवत्ता | प्रतिसैट | |
| 14. | इमरजन्सी ट्रार्च | **6 V**, Battery capacity 4500 mAh<br>2 stage button for bright, high bright light, light should get on in case charging power supply is not there | प्रतिनग | |
| 15. | दस्ताने रबड सहित | Material-Rubber<br>Size-6, 7, 8, water proof<br>Width 14 cm, height 27 cm, weight-0.15 gm min | प्रतिनग | |
| 16. | Raincoat with nagar nigam dehradun logo<br>Colour navy blue and grey<br><br>(1st Grade Nylon, Combined front and back part. Thickness in mm-0.17 to 0.20<br>Weight of coated fabric 170 to 200gsm Label brand name and size, Paking cover, reflective tape at back in 2" width ) | Size-M | प्रतिनग | |
| | | Size-L | | |
| | | Size-XXL | | |
| 17. | Sterile Latex surgical gloves<br><br>(Latex) Pre-powdered, disposable) | Size-6-6.5 | प्रतिनग | |
| | | Size- 7-8 | | |
| | | Size-8.5-9.5 | | |
| 18. | कूडेदान उपयोग हेतु | Size 15 Lt | प्रतिनग | |
| 19. | मास्क सर्जिकल | Colour white and light blue,<br>Size-universal (17cmX9cm)<br>Type- triple layer ear loop mask,<br>Shape- rectangular,<br>Adjustable nose clips,<br>Certificed by WHO. | प्रतिनग | |

Scanned with AnyScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20. | डस्ट कलैक्टर | high grade<br>weight 100gm(min)<br>material plastic,<br>can collect fine dust particles | प्रतिनग | |
| 21. | छाता फुल साईज का | Fabric-Nylon<br>Water resistant | प्रतिनग | |
| 22. | मास्क एन–95 | 95% filtering efficiency,<br>Spring loaded elastic bands stapled to respirator ,<br>Flammability rating Class-1, Size-Standad,<br>Material-100% polypropylene,<br>And certified by WHO | प्रतिनग | |
| 23. | गमबूट | Height 250mm<br>Material-PVC<br>Colour-Black<br>For upper-<br>Thikness-1mm (min)<br>Hardness-42 to 59 shore A.<br>For sole-<br>Colour- black and gary<br>Sole hardness-50 to 67 shores A, Heat resistace. | प्रतिनग | |
| 24. | स्प्रे मशीन | 02 स्टॉक 35 cc पेट्रोल इंजन 20 लीटर | प्रतिनग | |
| | | बैट्री विद मानव चलित 16 लीटर 12 वोल्ट बैट्री | | |
| 25. | स्प्रे मशीन, मानव चलित | Capacity 10 to 16, gross weight-4.5 kg<br>Dimesion-52X20X48cm<br>Minimum discharge rate 500ml/mi | | |
| 26. | फौगिंग मशीन | थर्मल फौगिंग मशीन, मैन्वल एवं सैल्फ, टैक–5 लीटर, ईधन क्षमता–5 लीटर, फ्लो रेट–842 / एल0एम0एच0 पुश बटन स्टोर 12 बोल्ट रिर्चाजेबल बैट्री बारी (WXLXH) 230X1350X340 mm वजन 9 किलो साल्यूशन टैक क्षमता 8 लीटर | प्रतिनग | |
| 27. | डस्टर | 18X18 चैक वाला | प्रतिनग | |

Scanned with AnyScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28. | फावडा | 8 इंच लम्बा, 9 इंच चौडा लगभग 1.00 किलो वजन का | प्रतिनग | |
| 29. | वेल्चा चौडा | उच्च गुणवत्ता | प्रतिनग | |
| 30. | सब्बल | एम0एस0 रॉड ठोस 5 इंच चोच बनी हुई लम्बाई 5 फिट 6 किलो | प्रतिनग | |
| 31. | जन्दरा | 25X5 एम0एम0 4 पत्ती 12 इंच लम्बाई 1.50 किलो0 बजन, 5 फिट एवं 14 गेज बास सहित | प्रतिनग | |
| 32. | तलवार | 12 X 5 पत्ती में 3 इंच व 9 इंच लम्बाई हैन्डिल गोल पास 10 गेज 3 फिट लम्बी लोहे के हत्थे सहित 1 कि0लो0 | प्रतिनग | |
| 33. | गैंती | 2 कि0लो0 वजन की दस्ते सहित | प्रतिनग | |
| 34. | पाठल लम्बी | हैन्डल सहित 1 किलो वजन | प्रतिनग | |
| 35. | घन | 07 किलो ग्राम मय हत्थे सहित | प्रतिनग | |
| 36. | घास काटने की मशीन | बुरूस कटर, 52 सी0सी0, 7800 आर0पी0एम0, 04 स्ट्रोक (650एम0एल0) | प्रतिनग | |
| 37. | घास काटने की मशीन का लट्टू | डबल लॉक वाला | प्रतिनग | |
| 38. | घास काटने की मशीन का वायर | Brush cutter trimmer 100% nylon | प्रतिमीटर | |
| 39. | थ्रीव्हीलर मानव चालित रिक्शा | स्पेसिफिकेशन– चेसिस नीलम कम्पनी, थ्रीव्हीलर के टायर ट्यूबलैस, टायर 22 प्लाई, 16 पाईप वाली पहिया, हैवी रिम मोटी लोहा पाईप बॉडी की तली 16 गेज, लोहे के चादर, साईड की चादर 18 गेज, बॉडी साईज 45 इंच लम्बी, 30 इंच चौडी, 18 इंच उचाई, बाडी का एन्गल 01 इंच, धूरी 1.5 इंच गोल, डाला सुलने वाला, घण्टी/भोपू हेन्डिल, रंग, रोगन एवं लिखाई सहित कम्पलीट। | प्रतिनग | |
| 40. | हाथ ठेली | 1.10 फीट चौडी, 01 फीट गहरी, 03 फीट | प्रतिनग | |

Scanned with AnyScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | लम्बी, हैन्डल की लम्बाई 1.10 फीट लम्बी, उक्त स्पेसिफिकेशन से अलग होगी, हाथ ठेली 16 गेज एम0एस0 सीट से निर्मित, पहियेटी0आयरन के, गोलाई/व्यास 1.5 फीट जिस पर 8 स्पोक 1 इंच चौडी, 5 एम0एम0 मोटाई, धूरी 1.0 इंच बुस सहित। ठेली का फ्रेम अंगल 35 X 35 X 35 नीचे 01 इंच X 1.5 सूत पत्ती की दो सपोट लगी होनी चाहिए, स्टैण्ड 1.0 फुट ठेली कम्पलीट रंग, रोगन, लिखाई सहित। हाथ ठेली का कुल वजन 44 से 45 कि0लो0 होना चाहिए। | | |
| **41.** | फावड़ी | बॉस सहित 1.5 किलोग्राम 10 गेज | प्रतिनग | |
| **42.** | सेफटी जैक्ट | 90 जी0एस0एम0 नगर निगम का लोगो एवं पर्यावरण मित्र नगर निगम देहरादून लिखा होना अनिवार्य है। | प्रतिनग | |
| **43.** | टी–शर्ट | हॉफ आस्तीन नगर निगम का लोगो एवं पर्यावरण मित्र नगर निगम देहरादून लिखा होना अनिवार्य है। | प्रतिनग | |

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून।

Scanned with AnyScanner